विचारार्थ विषय

परामर्शदाता- वित्तीय विश्लेषक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

- पोलियो उन्मूलन और टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यकलाप की वित्तीय संसाधन आवश्यकताओं का संकलन और विश्लेषण करना।

- सामान्य टीकाकरण (पोलियो, खसरा, इत्यादि) के लिए राज्य के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की कार्यान्वयन योजनाओं की समीक्षा करने में टीकाकरण प्रभाग की सहायता करना।

- एनएचएम (एनआरएचएम और एनयूएचएम) प्रभाग के साथ ऊपर उल्लिखित कार्यक्रमों के अंतर्गत वित्त-पोषण की निगरानी करने में टीकाकरण प्रभाग की सहायता करना। सुपरवाइजरों को मासिक, तिमाही और वार्षिक फीडबैक / विश्लेषण उपलब्ध कराना।

- वित्त-पोषण की स्थिति का विश्लेषण करने के लिए उपेक्षित आवश्यक साधनों का सृजन करने में सचिवालय स्टॉफ की सहायता करना।

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पोलियो उन्मूलन तथा अन्य टीकाकरण कार्यक्रम के लिए बजट और वित्त-पोषण प्रस्तावों का विकास करना।

- वित्त-पोषण की कमी का पहले से पता लगाना तथा दाता समुदाय और दाता अनुदान के लिए विकास भागीदारों के साथ संपर्क बनाना तथा वित्तीय अनुदानों, वित्त-पोषण करारों, नकद प्रवाह तथा अन्य वित्तीय प्रबंधन मुद्दों के संबंध में उनको इनपुट के साथ समन्वय करने में सहायता करना।
- वित्तीय प्रबंधन पद्धतियों जैसे निधियों को समय पर रिलीज करना, व्यय की निगरानी करना, व्यय विवरण तथा भारत सरकार के पोलियो उन्मूलन तथा अन्य टीकाकरण कार्यक्रम कार्यकलापों के व्यय विवरण और उपयोगिता प्रमाण-पत्रों को शीघ्र प्रस्तुत करना।

- वित्तीय प्रबंधन पद्धतियों के आकलन के लिए राज्यों और जिलों का दौरा करना, क्षमता निर्माण करने में मदद करना तथा जब कभी उपायुक्त (टीकाकरण) द्वारा ऐसा करने के लिए कहा जाए वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना।

- राज्यों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच वित्तीय मामलों पर संचार और समन्वय करना तथा प्रत्येक पोलियो अनुपूरक टीकाकरण कार्यकलाप के लिए भारत सरकार की निधियों को समय पर जारी करना सुनिश्चित करना।

- पर्यवेक्षकों द्वारा सौंपे गए अनुसार अन्य कोई कार्यकलाप / कार्य शुरू करना।

पात्रता:

- वित्त में स्नातकोत्तर डिग्री।
- वांछनीय: अर्थव्यवस्था / सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री।
- राष्ट्रीय स्तर पर बजट और वित्त से संबंधित कार्यकलापों को तैयार और रखरखाव करने में न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव, जिसमें नई रिक्तियों को लागू करने के लिए प्रस्ताव तैयार करना शामिल है। बाहरी एजेंसियों और अन्य सरकारी विभागों के साथ समन्वय करना।
- पीआईपी का ज्ञान तथा टीकाकरण और पोलियो कार्यक्रमों से संबंधित बजट और वित्त-पोषण को वरीयता दी जाएगी।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है, तथा एमएस ऑफिस और अन्य एप्लीकेशनों में कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

आयु: 45 वर्ष तक (आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि के अनुसार)। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह रु.60,000 से रु.90,000 के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक **28-October-2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल consultant.fa@nhsrcindia.org में अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया सबजेक्ट-लाईन पे आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।